# यूके के प्रतिनिधिमंडल ने निवेश पर की चर्चा

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर मंगलवार को युनाइटेड किंग्डम (यूके) के प्रतिनिधिमंडल ने इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने प्रदेश में निवेश को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए 30 से अधिक नीतियां लागू की हैं। उत्तर प्रदेश लगातार पिछले तीन वर्षों से ईज आफ डूइंग बिजनेस श्रेणी में 'टाप अचीवर्स' राज्य के रूप में उभरा है। फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इनोवेट यूके के प्रतिनिधिमंडल के साथ इन्वेस्ट यूपी के गोमतीनगर स्थित सभागार में हुई बैठक में उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर बनाने के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया।